आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 20.01.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- राज्य मंत्रिमंडल ने यूसीसी नियमावली को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा— राज्य में जल्द ही समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी।
- प्रदेश में निकाय चुनाव प्रचार चरम पर। 23 जनवरी को होगा मतदान।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी, मशाला यात्रा का हरिद्वार पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जरूरतमंदों तक डायलिसिस सेवाओं की जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए।

यूसीसी

राज्य मंत्रिमंडल ने समान नागरिक संहिता— यूसीसी नियमावली को आज मंजूरी दे दी है। अब जल्द ही प्रदेश में यूसीसी कानून लागू होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड से निकलने वाली गंगोत्री जिस तरह पूरे देश को सिंचित करती है, उसी तरह यूसीसी पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य होगा, जहां समान नागरिक संहिता लागू होगी।

गौरतलब है कि समान नागरिक संहिता का उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने आदि विषयों पर एक समान कानून लागू करना है। माना जा रहा है कि इससे विभिन्न धार्मिक और जातीय समुदायों में कानूनी एकरूपता स्थापित होगी।

निकाय चुनाव

प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए अब दो दिन शेष रहे गए हैं। कल शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। इस बीच उत्तराखंड क्रांति दल, भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशी पूरे जोर—शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सभी निकाय क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी जनसभा करने में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में आज श्री धामी ने उत्तरकाशी और पौड़ी के श्रीनगर में रोड—शो तथा जनसभा को संबोधित किया। श्रीनगर में आयोजित जनसभा में प्रतिभाग करते हुए भाजपा नेता और सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि श्रीनगर में भाजपा की भारी मतों से जीत होगी।

कांग्रेस पार्टी ने भी चुनाव प्रचार में पूरा जोर लगा रखा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विभिन्न निकायों में चुनाव प्रचार कर पार्टी उम्मीदवारों के जीत का दावा कर रहे हैं। श्रीनगर में चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस नेता गणेश गोदियाल ने कहा क्षेत्र का विकास उनकी पार्टी की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की भी अपील की।

निकाय चुनाव तैयारी

प्रदेश में निकाय चुनाव की तैयारियां अंतिम चरण में है। राज्य निर्वाचन अयोग चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने के उद्देश्य मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम करने में लगा है। इसी कड़ी में चम्पावत जिले में 23 जनवरी को होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। जिले में पोलिंग पार्टीयों को मतदान व मतगणना का प्रशिक्षण देने के साथ ही सभी मतदान केंद्रों में विजली पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पाण्डेय ने बताया कि 22 जनवरी को गोरलचोड़ मैदान से सभी पार्टियों को रवाना किया जाएगा।

पिथौरागढ़ में निकाय चुनाव के लिए नियुक्त किए गए प्रेक्षक तीरथपाल सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में चुनाव से संबंधित विभिन्न जानकारियां साझा की। उन्होंने बताया कि जोनल मजिस्ट्रेट के साथ ही सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं।

राष्ट्रीय खेल

38वें राष्ट्रीय खेलों को लेकर प्रदेश भर में भारी उत्साह है। सरकार खेलों की तैयारियों के साथ ही प्रचार में जुटी है। इसी कड़ी में आज खेलों की प्रतीक मशाल तेजस्विनी का हरिद्वार पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मशाल के जरिए खेलों को जन–जन तक पहुंचाना है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड में होना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि जिले में आयोजित होने वाले खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों और दर्शकों की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किया जा रहे हैं।

डायलिसिस सेन्टर्स

प्रदेश में स्थापित डायलिसिस केंद्रों में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले तथा गोल्डन कार्ड धारक मरीजों को निशुल्क डायलिसिस सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। साथ ही गरीबी रेखा से ऊपर के मरीजों को भी ये सेवाएं न्यूनतम खर्च पर प्रदान की जा रही हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आज देहरादून

में डायलिसिस सेवाओं की समीक्षा के दौरान यह जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने योजना की जानकारी जरूरतमंदों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

इसके अलावा मुख्य सचिव ने संबंधित विभाग को पीएमएनडीपी पोर्टल का व्यापक उपयोग करने के निर्देश दिए। यह पोर्टल पीएमएनडीपी के तहत निशुल्क डायलिसिस सेवाओं का लाभ लेने वाले सभी मरीजों का विवरण प्राप्त करने के लिए एपीआई आधारित आईटी प्लेटफॉर्म है। श्रीमती रतूड़ी ने डुप्लीकेसी को रोकने तथा पारदर्शिता, दक्षता और अंतर संचालन सुनिश्चित करने के लिए 14 अंकों की विशिष्ट आभा आईडी का उपयोग करते हुए पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।